# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
**Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in**


क्रमांक / व्यापम / परीक्षा एफ–20 / 2025 / 2231 रायपुर, दिनांक 12/08/25

## संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत फार्मासिस्ट ग्रेड–2 पदों की भर्ती परीक्षा (HSP25) के ऑनलाइन आवेदन को संशोधन उपरांत पुनः प्रारंभ करने के सम्बंध में विज्ञप्ति

छ.ग. व्यापम, नवा रायपुर द्वारा संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के प्रस्ताव पर फार्मासिस्ट ग्रेड–2 के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा (HSP25) का आयोजन हेतु व्यापम की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01.07.2025 से 25.07.2025 तक आमंत्रित किए गए थे।

संयुक्त संचालक संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छ.ग. का पत्र क्र. / स्वा.अवि / 302 / 769 / नवा रायपुर, दिनांक 08.08.2025 द्वारा फार्मासिस्ट ग्रेड–2 पदों पर भर्ती हेतु शैक्षणिक अर्हता में माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू पी (एस) 8548 / 2025 के आदेश के अनुपालन में संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें द्वारा गठित समिति ने निर्णय लिया कि इन रिक्त पदों हेतु डी फार्मा (Diploma in Pharmacy) के साथ–साथ बी. फार्मा (Bachalor of Pharmacy) एवं एम. फार्मा (Master of Pharmacy) को भी सम्मिलित किया जाना है । संशोधित ऑनलाइन आवेदन अभ्यर्थियों हेतु पुनः निम्नानुसार प्रारंभ किया जा रहा है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | संशोधित ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | – | 12.08.2025 (मंगलवार) |
| 2. | संशोधित ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि व समय | – | 01.09.2025 (सोमवार) सायं 5:00 बजे तक |
| 3. | त्रुटि सुधार के लिए | – | 02.09.2025 से 04.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |

पूर्व में आवेदन कर चुके आवेदक दुबारा आवेदन नहीं करें । अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जावेगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उनका परीक्षा शुल्क व्यापम द्वारा वापस कर दिया जावेगा । परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जावेगा, जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है ।

दिनांक 31.08.2025 को आयोजित की जाने वाली फार्मासिस्ट ग्रेड–2 भर्ती परीक्षा (HSP25) स्थगित की जाती है एवं उक्त परीक्षा की **संशोधित (संभावित) तिथि 12 अप्रैल 2026** है ।

**विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।**

12 Aug 2025

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

**12.8.25**